# पेयजल आपूर्ति घर तक की जाये जिससे महिलाए परेशान ना हो : राज्यपाल बागडे

**■ करौली कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों कि बैठक को संबोधित किया**

**करौली ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप सभी विभागाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि केन्द्र एवं राज्य द्वारा प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी स्तरों पर अंतिम पंक्ति तक प्रत्येक पात्रजन को निर्बाध रूप से पहुँचने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कार्य करें। जिससे दूरदराज के गाँव में रहने वालों के जीवन के स्तर में सुधार आए और उन्हें सशक्त किया जाकर मुख्यधारा में लाया जा सके।

राज्यपाल ने मंगलवार को करौली कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों कि बैठक को संबोधित करते हुये केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र में आधारभूत अवसंरचना विकास की स्थिति एवं आवश्यकता, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार हेतु योजना एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागरिकों के पलायन को रोके जाने के लिए किये जा रहे प्रयास के विषय में संबन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में कम से कम एक एवं दो से तीन अमृत सरोवर एवं तलाई प्रति ठााम पंचायत की दर से बनाने के निर्देश दिये साथ ही डांग क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति लाभार्थियों के घर तक करवाने के निर्देश दिए जिससे महिलाओं को पानी के लिए दूर दराज के इलाकों में नहीं भटकना पडे।

वहीं जिले में डॉक्टर के रिक्त पदों पर सक्षम स्तर से समन्वय स्थापित कर नियुक्ती करवाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिऐ साथ ही क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पर्याप्त उपचार, दवाई एवं निक्षय मित्रों के माध्यम से उचित पोषण सुनिश्चित कर जिले को क्षय रोग मुक्त करवाने के निर्देश दिएं आम लोगों को उचित आईईसी गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जागरूक कर क्षय रोग एवं सिलोकोसिस रोगियों की संख्या में कमी लाने के लिए प्रयास करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिससे खनन क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को जागरूक कर सिलोकोसिस रोग से बचाया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अधिक से अधिक पात्र जनों को लाभान्वित कर प्रगति में गति लाने के निर्देश प्रदान किये। वहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य केन्द्रों पर आंगनबाडी कार्यक्रमों पर नियमित आकस्मित निरीक्षण के माध्यम से पोषाहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि आमजन की परिवेदनाओं को सभी स्तरों पर सक्षम अधिकारी संवेदनशीलता से सुनें और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर उनका समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिससे आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं की प्रगति के लिये टीम भावना के साथ कार्य करते हुये समन्यवित प्रयास करने के निर्देश दिये।राज्यपाल ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शौचालय बनवाकर जरूरतमंद परिवारों को लाभान्वित करने, गाँव को साफ सुथरा रखने, वेस्ट वाटर के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सांसद निधि एवं अन्य योजनाओं के विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। राजीविका के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुये समूह के उत्पादों की मार्केटिंग की जाये। उन्होंने गाँवों को प्रधानमंत्री सडक योजना से जोडने, जल जीवन मिशन में सभी परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, कुसुम व प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने व जननी सुरक्षा योजना का भुगतान समय पर करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा में जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर रोजगार मिले उसे बाहर नहीं जाना पडे इसके लिये कार्यों का आंकलन कर तैयार रखें। उन्होंने औसत मजदूरी बढाने एवं मनरेगा के कार्यों को वर्षा पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये जिससे जल संरक्षण का उद्धेश्य भी साकार हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आदर्श गॉव योजना में अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉवों में कार्यों का आंकलन मूलभूत सुविधाओं के अनुसार करते हुये आम लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिये। राज्यपाल किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुये कहा कि लम्बित कृषि कनेक्शन शीघ्र जारी किये जायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना में कोई पात्र किसान लाभ से वंचित नहीं रहे इसके लिये राजस्व व कृषि विभाग निरन्तर प्रयास करें।

## भंडारे में 21000 लोगों ने प्रसादी पाई

**गंगापुर सिटी ।** श्री राधे रानी सेवा समिति द्वारा सप्त दिवसीय सतरंगी श्याम फागोत्सव मेले के उपलक्ष्य में श्री श्याम मंदिर के सामने कुशालगढ वाचनालय पर भंडारा चलाया जा रहा है। सेवा समिति के कोषाध्यक्ष विमल पारले ने बताया कि समिति द्वारा द्वितीय फागोत्सव भंडारा लगाया जा रहा है। एकादशी के मुख्य भंडारे का शुभारंभ नंगेश्वर बाबा की धूनी के महंत श्री श्री 1००8 श्री प्रमोद गिरी जी महाराज के संत सानिध्य में जिला अध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने बाबा श्याम का पूजन कर एवं भक्तों को प्रसादी वितरित कर किया। एकादशी भंडारे में करीब 21000००० भक्तों ने भोजन प्रसादी पंक्तिबद्ध तरीके से पत्तलों में पायी। भक्तों के लिए भोजन प्रसादी में पूरी, सब्जी, नमकीन व लड्डू की व्यवस्था की गई। साथ ही भोजन करने के लिए भक्तों के लिए 3० टेबलों की व्यवस्था की गई। लोगों ने टेबलों के साथ-साथ पांडाल में बैठकर भी प्रसादी पाई। भीड को कंट्रोल करने के लिए समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी को तो मशक्कत करनी ही पडी साथ में पुलिस ने भी मुस्तैदी दिखाई। सुबह 11.3० से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात 12 तक चला।

## सूरौठ थाना परिसर में सी.एल.जी. सदस्यों की बैठक आयोजित

**■ पैदल पदयात्रियों के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी सुझाव दिए गए**

**सूरौठ ।** होली के त्योंहार को देखते हुए थाना परिसर सूरौठ में थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित की गई बैठक में कानून-व्यवस्था, अतिक्रमण, और यातायात व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने होली का त्यौहार,कैलादेवी जाने वाले पैदल पदयात्रियों के लिए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भी सुझाव दिए गए।

थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा । ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो और किसी भी तरह की अव्यवस्था ना हो।

उन्होंने आमजन से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

इस दौरान इस मौके पूर्व सरपंच नत्थू सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच नादान मीना, पूर्व सरपंच दलवीर चौधरी, पुरूषोत्तम बंशीवाल, विश्राम मीणा, केदार मीना भूपेंद्र धुरसी,विष्णु चौधरी, श्यामसुंदर सैनी जीतेन्द्र सिंह जगरवाल ढिंढोरा मुंशी , मनोज जाट सत्येन्द्र जाटव,श्रीदेव गुर्जर, हरिकेश जाटव खिजूरी सहित सीएलजी सदस्य रहें उपस्थित।

## अण्डर 14 में तीन खिलाड़ियों का चयन

**गंगापुर सिटी ।** जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के तीन खिलाडियोका चयन अण्डर 14 टीम में हुआ है। ज्वाइंट सेक्रेटरी जितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि तीन खिलाडयिों का चयन राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 14 टीम में चयन हुआ, जिसमें निधिश राज, आदित्य शर्मा, उज्जवल मीणा है। ये तीनों खिलाडी सवाई माधोपुर जिला क्रिकेट संघ की ओर से आज बुधवार को के एल सैनी स्टेडियम में मेडिकल कराएंगे और उनके मूल दस्तावेजों की जांच की जाएगी उसके बाद चैलेंजर टीम में सभी टीमों खिलाडयिों को शामिल किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के सचिव डॉ दीपक राज, अध्यक्ष डीडी कुमावत, कोषाध्यक्ष विनोद आदि ने कार्यालय पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी।

## मां सावित्री बाई फुले की मनाई पुण्यतिथि

**करौली ।** जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका मॉ0 सावित्रीबाई फुले की 128वी पुण्यतिथि मनाई गई। भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और कवित्री ,समाज सुधारक महिला शिक्षा की जनक मा सावित्रीबाई फुले की 128 की पुण्यतिथि संस्थान अध्यक्ष प्रेमसिंह माली की अध्यक्षता में मनाई गई।

इस दौरान संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने उपस्थित समाज बंधुओ से आव्हान किया कि महिला शिक्षा की जनक मॉ0 सावित्रीबाई फुले द्वारा किए गए समाज उत्थान के कार्यों को वर्तमान समय में हमें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है उनके द्वारा महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 18 विद्यालय जीवन काल में खोले गए वहीं अनेक कविताओं का सृजन कर देश की अच्छी कवित्री साबित हुई हमें उनके द्वारा किए गए कार्यों को आत्मसात कर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रसारित करने का काम करना होगा। जिससे समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। इसके अलावा माली ने कहा कि मोबाइल संस्कृति से पारिवारिक रिश्तों में लगातार दूरी होने के कारण हमें समाज से मोबाइल संस्कृति की तरफ बढ़ रही युवा पीढ़ी को रोकने की आवश्यकता है तभी जाकर मॉ0 सावित्रीबाई फुले द्वारा किए गए महिला शिक्षा को बढ़ावा देने,दलित उत्थान आदि कार्य पूरे हो सकेंगे इस दौरान कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी, युवा अध्यक्ष राजेश, संस्था सचिव रामगोपाल,पन्नू सिंह, लक्ष्मण सिंह, रंगलाल, रूप सिंह ड्राइवर, बच्चन, शिवचरण मेंबर, गुमान सरपंच, हेमराज,बनेसिंह, कुलदीप आदि के द्वारा भी मा. सावित्रीबाई फुले के कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की पहल पर जोर दिया गया। इससे पूर्व सभी के द्वारा मां सावित्रीबाई फुले के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई इस अवसर पर धर्मी माली,प्रेमसिंह बरखेडा,महेश, मुकेश, सोमवती,संजय, रामसहाय आदि सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

## बालगृहों व उपकारागृह का सचिव ने किया औचक निरीक्षण

**हिंडौन सिटी ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी द्वारा दिनांक 10 मार्च 2025 को हिण्डौन सिटी स्थित उप कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण कारागृह में 92 बंदी निरूद्ध मिले।

निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा बंदियों के अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता व विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं आदि जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान कारागृह की मूलभूत सुविधाओं व जेल में साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, जल व्यवस्था, मेडिकल सुविधा इत्यादि का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी द्वारा हिण्डौन सिटी स्थित बच्चों का अपना घर बालगृह का औचक निरीक्षण कर बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ उनकी परेशानियों की जानकारी लेते हुए अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर सचिव ममता चौधरी द्वारा बच्चों से सौहार्दपूर्ण वार्ता कर उनको होली पर्व के अवसर पर मिठाई खिलाई गई एवं उनको गुलाल से तिलक कर होली की वधाई दी सथ ही बच्चों को होली का महत्व बताते हुए होली मनाने का कारण बताते हुए भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई सुनाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। साथ ही बच्चों को उनके नैतिक कर्तव्यों व दैनिक दिनचर्या के बारे में बताते हुए स्वच्छता का महत्व बताया। इस अवसर पर बच्चों में उत्साह व उमंग की लहर दौड गई।

अन्त में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी द्वारा हिण्डौन सिटी स्थित अमरशशि बालिका गृह का औचक निरीक्षण कर बच्चियों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ उनकी परेशानियों की जानकारी लेते हुए अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर सचिव ममता चौधरी द्वारा बच्चियों से सौहार्दपूर्ण वार्ता कर उनको होली पर्व के अवसर पर मिठाई खिलाई एवं उनको गुलाल से तिलक कर होली की वधाई दी सथ ही बच्चियों को होली का महत्व बताते हुए होली मनाये जाने का कारण बताया गया। साथ ही बच्चियों को उनके नैतिक कर्तव्यों व दैनिक दिनचर्या के बारे में बताते हुए स्वच्छता का महत्व बताया। बच्चियों को अपनी आत्मरक्षा, विभिन्न प्रकार की शिकायत व एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस अवसर पर बच्चियों में उत्साह व उमंग की लहर दौड गई।

## होली मिलन समारोह 13 मार्च को

**गंगापुर सिटी ।** अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड में श्री अग्रसेन कर्मचारी विकास समिति उदेई मोड की बैठक का आयोजन डॉ०रिद्धि चंद गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। प्रचार मंत्री राजेश महोली ने बताया कि 13 मार्च गुरूवार को होने वाले होली मिलन समारोह के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नरेंद्र तमौलीपुरा को संयोजक तथा मनीष महमदपुर एवं शिवजी सैमरदा को सह संयोजक बनाया गया है। मीटिंग में निर्णय लिया गया की होली मिलन समारोह गुरूवार को दोपहर 1 बजे से अग्रसेन सेवा सदन उदेई मोड पर होगा। बैठक में राजेंद्र गैरई, संतोष बीमा, भगवान सहाय प्रिंसिपल, भगवान तमौलीपुरा, कपिल बंसल, नरेश गुप्ता, तुलसीराम, दामोदर गुप्ता, धर्मवीर सिंहल, गोविंद सहाय, बिहारी लाल, विनय गुप्ता कोटे वाले मोजूद थे।

## रौसीं-करीरी प्रकरण में सराहनीय फैसले का स्वागत

**करौली ।** राज्य के बहुचर्चित प्रकरण रोसीं व करीरी के विवाद को मिटाने के लिए अंतराज्यीय मीना महापंचायत मीन भगवान मंदिर श्री महावीर जी में एकत्रित हुई जहां सामाजिक समरसता के साथ सर मैं निर्णय दिया गया और समाज को वैध किया गया कि इस मामले में अब कोई पंचायत नहीं होगी।

राष्ट्रीय आदिवासी मीणा महापंचायत का आयोजन पुरातनकाली आदिवासी सुप्रीम कोर्ट मीना धर्मशाला शांति वीर नगर श्री महावीर जी में राष्ट्र स्तर की मीणा महापंचायत हुई जिसमें समूचे राष्ट्र से और राजस्थान के सभी जिलों से पंच-पटेल और समाज के गणमान्य, प्रबुद्ध बुद्धिजीवी आये महापंचायत कि अध्यक्षता पी आर मीना सपोटरा रिटायर्ड भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ने की और पंचायत के जनरल सेक्रेटरी की भूमिका सियाराम मीणा रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी खरौली धौलपुर ने निभाई सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने रोंसी-करीरी प्रकरण पर गहन चर्चा कि, चिंतन किया उत्तर प्रदेश,मध्य प्रदेश एवं गोवा के पूर्व डीजीपी मुकेश मीणा ने समाज में समरसता एवं एकता बनाए रखने के लिए अपने सुझाव दिए। पंचायत ने सर्वसम्मति से न्याय समिति का गठन किया जिसमें देवी सिंह कटकड,कल्याण मीणा धौलपुर,बद्री रजौली टोडाभीम,रामनाथ रावत मध्य प्रदेश,केदार सरपंच सोप, शंकर थानेदार धौलपुर, शीशराम महस्वा,हरकेश सुसाड़ी,रमेश समलेटी,नरसी झारेडा, त्रिलोक सरपंच दानालपुर,विनोद सरपंच दानालपुर सहित 51 सदस्यीय न्याय कमेटी का गठन किया। और रोंसी-करीरी प्रकरण का पटाक्षेप करते हुए। रोसी करीरी प्रकरण में जो 11 लाख रुपए जुर्माना किया गया है उसको महावीर जी कि पंचायत में का राशि के दंड लेकर प्राप्त कर लिया गया है रोंसी का निष्कासन रद्द किया जाता है। निष्कासित किए गए पंच पटेलन को भी आम धारा में ले लिया गया है।

## पंचायत समिति साधारण सभा की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक प्रधान मंजू गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विकास अधिकारी डा जगदीश गुर्जर और तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठे। बगलाई में 5 साल पहले शुरू हुई योजना आज तक सुचारू नहीं हो पाई है। लाइन टूटने और ट्रांसफॉर्मर खराब होने की समस्या लगातार बनी हुई है। अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे हैं। खानपुर बडौदा में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। बार-बार शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हो रहा है।

ग्रामीणों ने गर्मी के मौसम में आंदोलन की चेतावनी दी है। फुलवाडा में हर घर नल कनेक्शन योजना के तहत नल टूटी लगाने के लिए ग्रामीणों से अवैध वसूली की शिकायत सामने आई है। उदेई कलां में योजना का काम अधूरा पडा है। खुदाई के बाद सडकों की मरम्मत नहीं की गई है। अन्य समस्याओं में अमगरढ पंचायत के अटल सेवा केंद्र पर बिजली कनेक्शन नहीं मिला है। बगलाई में बिजली के ढीले तारों से खतरा बना हुआ है। छार्रा बैरवा बस्ती में पीएचईडी द्वारा की गई खुदाई के बाद सडक मरम्मत न होने से लोग परेशान हैं। कृषि अधिकारी क्षेत्र का दौरा नहीं कर रहे हैं।

## स्काउट गाइड ने रैली निकाल कर गांव को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने का लिया संकल्प

**■ सिंगल यूज प्लास्टिक का विश्व का तीसरा उत्पादक देश है और अभी तक कई बिलियन टन सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन हो चुका**

**■ कार्यक्र में स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया**

**करौला (निं.सं.)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने महसूस किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक हमें एवं हमारी गौ माता के लिए अत्यंत खतरनाक है इसलिए गौ माता को बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे एवं गांव को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे।

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की राजस्थान प्रदेश में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड द्वारा जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति स्वच्छता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड बालक बालिकाओ को जागृत करने के उद्देश्य से निबंध पोस्टर भाषण क्विज प्रतियोगिता एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लियाइस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार शर्मा ने बालक बालिकाओं से कहा कि हमारा देश विश्व में सिंगल यूज प्लास्टिक का विश्व का तीसरा उत्पादक देश है और अभी तक कई बिलियन टन सिंगल यूज प्लास्टिक का उत्पादन हो चुका है जबकि इसका रीसायकल केवल एक बटे 9 भाग का ही हुआ है उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक 40 वर्षों तक नष्ट नहीं होती है इस अवसर पर स्वयं सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने विद्यालय में लगे हुए बरगद के पेड़ों की प्रशंसा करते हुए उनके महत्व के बारे में प्रायोगिक रूप से बताया और कहा कि आज हम इन पेडों के होने से छाया में बैठे हैं अन्यथा हमें धूप में बैठने के लिए विवश होना पडता उन्होंने कहा की वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक बरगद के पेड लगाए बरगद का पेड लंबे समय तक हमारी सेवा करता है और पक्षियों को फल फूल एवं आश्रय प्रदान करता ह ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में स्थानीय संघ करौली के सचिव मुकेश कुमार सारस्वत ने सिंगल यूज प्लास्टिक को मानव जीवन के लिए अत्यंत हानिकारक बताते हुए गौ माता के लिए भी विष बताया और कहा कि गौ माता जब सिंगल यूज प्लास्टिक को खाती है तो यह उनके पेट में जम जाती है और उनकी अकाल मृत्यु हो जाती है स्थानीय विद्यालय के अध्यापक प्रताप सिंह बेरवा ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए भी हानिकारक बताया इस अवसर पर स्काउट मास्टर सुरेश चंद चैवदार अध्यापक ने कविता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में बालक बालिकाओं को समझाया कार्यशाला में अमित शर्मा ने कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करना चाहिए जो लंबे समय तक चलता है और किसी भी प्रकार से हानि नहीं पहुंचता इस अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 23 बालक बालिकाओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में 45 बालक बालिकाओं ने जबकि नारा लेखन में 50 बालक बालिकाओं ने भाग लिया पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम निकिता ने द्वितीय स्थान काजल ने नारा लेखन में प्रथम स्थान पायल जाटव द्वितीय स्थान रौनक जादौन ने प्राप्त किया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंस मयंक जबकि द्वितीय स्थान मुस्कान जाटव ने प्राप्त किया इस अवसर पर गाइडर सपना सारस्वत प्रताप सिंह बेरवा राकेश सिंह चैहान कमर बहादुर मीणा पवन कुमार जाटव आदि उपस्थित थे कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय बखतपुरा के स्काउट गाइड बालक बालिकाओ के साथ-साथ ठाामीण जन उपस्थित थे जिन्होंने एक स्वर में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्कूलों का किया निरीक्षण

**करौली (निं.सं.)** अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जगदीश प्रसाद मीना ने शाला संबलन के तहत महात्मा गांधी स्कूल शान्ति नगर शहर नादौती का औचक निरीक्षण कर संस्था प्रधान को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद ने महात्मा गांधी स्कूल शान्ति नगर शहर का औचक निरीक्षण किया गया। जहां अंठोजी तथा हिन्दी की अलग-अलग विद्यार्थियों से पुस्तकें पढ़ाई गई। बच्चों का शैक्षिणक स्तर कमजोर पाया गया। एडीईओ ने बच्चों का शैक्षिणक स्तर, एमडीएम, नामांकन, स्कूल भवन, कैंपस, कक्षा-कक्ष,साफ-सफाई,शौचालय, पेयजल, भवन आदि का अवलोकन कर संस्था प्रधानों से समस्याओं की जानकारी लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना शिक्षक का महत्वपूर्ण दायित्व है, विद्यालय से प्रतिदिन बालक कुछ नया सीख कर जाए व आगामी दिन विद्यार्थी का शैक्षिणक स्तर उन्नत हो इस उद्देश्य के साथ कार्य करने की जरूरत है।विद्यालय परिसर में बेहतर साफ सफाई रखने, शिक्षा की गुणवत्ता की जांच कर स्टाफ को कार्य योजना बनाकर कार्य करने,उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने, राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने,नियमित मानिटरिंग करने, विभागीय आदेशों की शत प्रतिशत पालना करने, विधार्थियों का सर्वांगीण विकास के साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

## सार-समाचार

### रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली ।** वीणा मैमोरियल पी.जी.कॉलेज करौली के प्राचार्य डॉ.लक्ष्मन धाकड़ ने बताया कि महाविद्यालय में कौशल विकास प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता मे महाविद्यालय कि छात्राओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया रंगोली प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की रंगोली बनाई गई जिसमे प्रथम स्थान श्रुतिका ठाुप ने हासिल किया जबकि मेहंदी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा के अनुसार अलग-अलग डिजाइन कि मेहंदी बनाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया जिसमेप्रथम स्थान सिमरन सिंह सोलंकी,द्वितीय स्थान पर संजना कुमारी मीना तथा तीसरा स्थान कोमल कुमारी मीना व गुलशन कुमारी का संयुक्त रूप से रहा रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता के समापन की घोषणा संस्था प्राचार्य डॉ. लक्ष्मन धाकड़ ने की और सभी विधार्थियों का मनोबल बढाया और उनके अच्छे भविष्य की कामना कि, सभी स्टाफ साथियों ने इसमें सहयोग किया प्रतियोगिता में अब्दुल जब्बार, मुनेश कुमार मीना, धीरज कुमार,उजमा परवीन, लल्लन यादव, टीकम चंद की प्रमुख भूमिका रही।वार्षिक कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

### वार्षिक कर 15 तक जमा

**करौली-** (निं.सं.) जिला परिवहन अधिकारी धारा सिंह मीणा ने बताया कि सभी भार वाहनों का वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रिम वार्षिक कर 15 मार्च तक जमा करावें अन्यथा 15 मार्च के पश्चात वाहनों के चालान बनाकर जब्ती की कार्यवाही की जावेगी उन्होने सभी: भार-वाहन मालिकों (वार्षिक कर जमा कराने वाले) को असुविधा से बचने हेतु अपना कर 15 मार्च तक जमा करावें अन्यथा 3 प्रतिशत पैनल्टी के साथ वसूल किया जावेगा। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्तर राशि टैक्स पर 15 मार्च तक पैनल्टी से मुक्त है उसके पश्चात 3 प्रतिशत पैनल्टी सहित वसूल किया जावेगा। सभी भार वाहन मालिक अपना कर जिला परिवहन कार्यालय, करौली से आईडी पासवर्ड लेकर जमा करावें। कर जमा कराने हेतु कार्यालय शनिवार एवं रविवार (होली एवं धुलण्डी के राजकीय अवकाश को छोडकर) के दिन भी खुले रहेंगे।

### प्रांतीय बैठक में करौली शाखा को किया सम्मानित

**करौली** (निं.सं.)। भारत विकास परिषद् की हिंडौन सिटी में आयोजित प्रांतीय परिषद कि बैठक में करौली शाखा को पर्यावरण प्रकल्प के अन्तर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने बताया कि गत सत्र में प्रांतीय पर्यावरण प्रकल्प प्रभारी सीताराम शर्मा के नेतृत्व में करौली शाखा द्वारा विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडा लगाए गए तथा पौधारोपण व पौध सुरक्षा का कार्य किया गया।कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष तुलसीदास गोयनका,सचिव कमलाकांत शर्मा,वित्त सचिव अरविन्द अठावाल,प्रांतीय पदाधिकारी सीताराम शर्मा एडवोकेट, योगेन्द्र सिंहल जिला समन्वयक राजेन्द्र दीवान ने पुरस्कार प्राप्त किया।

### अधिकारी कर्मचारी संघ का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**करौली** (निं.सं.) जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर करौली में सैनी समाज कर्मचारी,अधिकारी विकास संस्था राजस्थान जिला शाखा करौली के तत्वाधान में माली समाज के कर्मचारी संघ का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी के द्वारा कि गई। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान के अध्यक्ष प्रेमसिंह माली, संस्था सचिव रामगोपाल माली,नौथोक उपाध्यक्ष रूपसिंह,यूनियन बैंक के मैनेजर कमरसिंह सैनी,महेश कुशवाहा आदि के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में होली सुनाकर सभी का मन प्रफुलित किया गया। साथ ही सभी के द्वारा होली गीतों पर छात्रावास की प्राकृतिक छटा के बीच सामूहिक नृत्य कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं। इस अवसर पर अध्यापक बनेसिंह सैनी,भंवरसिंह सैनी,रामसिंह, हुकमसिंह , प्रहलाद माली, रामखिलाड़ी, शिवचरण सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में 44 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों का हुआ सत्यापन

**करौली** (निं.सं.) टीबी मुक्त ठााम पंचायत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सत्यापन दल की बैठक का आयोजन सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन परिसर में हुआ जिसमें जिले की टीबी मुक्त हुई 44 ठााम पंचायत में टीबी मुक्त ठााम पंचायत के निर्धारित 6 सूचकांकों पर विस्तृत चर्चा की गई और आगामी तीन वर्ष तक टीबी मुक्त बनाए रखने पर एक्सन प्लान अनुसार शत प्रतिशत करवाई के निर्देश प्रदान किए गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता ने बैठक के दौरान लैब रजिस्टर,टीबी नोटिफिकेशन रजिस्टर,निक्षय डाटा और पीएमएफएस रिकॉर्ड के प्रति सत्यापन संबंधित तथ्यों को रखते हुए टीबी मुक्त ठााम पंचायत के लिए निर्धारित 6 सूचकांकों की की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान एसटीएस सुनील जादौन, राजीव कुमार,मनोज सैनी सहित संबंधित कार्मिक मौजूद रहे। उन्होने बताया कि सत्यापन हुई ठााम पंचायतो मे करौली ब्लॉक में जहांगीरपुर, काशीपुरा,लोहर्रा,सेमरदा,रौंड कला,मासलपुर ब्लॉक में जमूरा, श्री महावीर जी ब्लॉक में चांदन गांव,नगला मीना,गांवड़ी मीना,सनेट,हिंडौनब्लॉक में ढेहरा,सपोटरा ब्लॉक में एकट,गज्जूपुरा,जीरोता,खेरला,लेदिया,लूलोज,काला गुढा,बड़ौदा,श्यामपुर और आडाडूंगर टोडाभीम ब्लॉक में अजीजपुर,बझेडा,भंडारी अंडरूनी,लपावली,महम्मदपुर,पदमपुरा,पहाड़ी,सांकरवाड़ा,सिंघानिया,उर दैन,खेडी,खोहरा और किरवाडा गुढाचंदजी ब्लॉक में बडागांव, चिरावण्डा, ढहरिया, धोलेटा,गढखेडा, कुंजेला, रलावता, सलावद,सोप और तेसगांव ठााम पंचायतों को टीबी मुक्त किया है।

### सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ।** सोमवार को जिला स्कूल शिक्षा परिवार जिला अध्यक्ष डॉ० अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में भाजपा जिला अध्यक्ष सवाई माधोपुर बनने पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर का माला व साफा पहनाकर कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान स्कूल सम्बंधित समस्याओं के निवारण हेतु ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि आरटीई भुगतान के नियम प्रावधानों के उल्लंघन कर किया जा रहे भुगतान की कार्रवाई पर पुनः विचार कर नियम अनुसार भुगतान करने का निवेदन किया। आरटीई भुगतान हेतु यूनिट कॉस्ट 1००प्रतिशत गलत भुगतान कर प्रति स्कूल कम से कम 1 लाख से अधिक का नुकसान, उच्च न्यायालय की एक ऐसे ही मामले में प्री प्राइमरी कक्षाओं के भुगतान के आदेश के बावजूद हमें भुगतान नहीं कर प्रति स्कूल 3 लाख का नुकसान, सत्र में दो बार की बजाए तीन-तीन साल तक भुगतान नहीं दे कर लोन लेने हेतु मजबूर कर रहे हैं तथा आरटीई के प्रवेश के टाइम फ्रेम में कम रखकर गरीब बच्चों का हक छीन रहे हैं तथा डीबीटी के तहत बुक्स का भुगतान के नाम पर जन आधार कार्ड जोडकर भुगतान को और लेट करना चाहते हैं।

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
BASERI, DHOLPUR, (SKN AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)
No. :- F ( )Estt./COA-Bas./2024-25/2352 Date :- 07/03/2025
**खुली निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी के कार्यालय शांत जनरेटर (इंस्टालेशन) की खरीद के संबंध में खुली निविदा के लिए बोली इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 17.03.2025 सुबह 11 बजे, तक आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विवरण राज्य के खरीद पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in पर देखे। NIB कोड SKN2425A0482 और UBN No. SKN2425GSOB00477 है।
राज.संवाद/सी/24/12996 अधिष्ठाता

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
BASERI, DHOLPUR, (SKN AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER-JAIPUR)
No. :- F ( )Estt./COA-Bas./2024-25/2351 Date :- 07/03/2025
**खुली निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, बसेड़ी के कार्यालय टेबल और कुर्सी, एयर कन्डीशनर (स्टेबलाइजर व इन्सटेलेशन) की खरीद के संबंध में खुली निविदा के लिए बोली इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 17.03.2025 सुबह 11 बजे, तक आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विवरण राज्य के खरीद पोर्टल (http://sppp.raj.nic.in) या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in पर देखे। NIB कोड SKN2425A0481 और UBN No. SKN2425GSOB00476 है।
राज.संवाद/सी/24/12995 अधिष्ठाता

